# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 21 अप्रैल 2024, रविवार

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का बिहार के कटिहार में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु**

**लालू ने बिहार को जंगलराज में झोंक दिया था**

**************************

**लालू सरकार में ओबीसी पर अत्याचार होते थे, एनडीए में ओबीसी उत्थान के काम हुए**
**लालू ओबीसी विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं**

**************************

**भाजपा ने अति पिछड़े समाज के नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, मोदी जी ने 35 प्रतिशत पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को मंत्री बनाया**

**************************

**मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग के छात्रों को देशभर के MBBS, MD और इंजीनियरिंग में 27% आरक्षण दिया**

**इंडी गठबंधन बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहता है, एनडीए ने घर-घर बिजली पहुँचाई**

**************************

**बिहार को लालू और कांग्रेस के साथ अत्याचार, दंगे, गरीबी और भुखमरी मिलेगा, एनडीए के साथ खुशहाली**

**************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बिहार के कटिहार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, प्रदेश सरकार में मंत्री श्री विजय चौधरी, राज्यसभा सांसद श्री संजय झा, कटिहार से लोकसभा प्रत्याशी श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने यूपीए सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस के शासनकाल में गरीबों और पिछड़ों के साथ हुए अन्याय पर प्रकाश डाला। श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किये गए अभूतपूर्व विकास का उल्लेख किया। साथ ही जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीटों पर विजयी बनाने की अपील की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश की जनता को ये तय करना है कि आने वाले इन 5 सालों में देश का नेतृत्व करेगा। पूरे देश में हर तरफ लोग सिर्फ मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं। श्री अमित शाह ने कटिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप अगर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, तो हमारे प्रत्याशी श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी जी के निशान तीर पर दिया गया एक-एक वोट श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा।

पिछले 10 सालों में मोदी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याण कार्यों को रेखांकित करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को खत्म कर, देश के प्रत्येक व्यक्ति को विकसित करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के साथी लालू जी

केवल गरीबी हटाओ का नारा देते थे लेकिन उन्होंने गरीबी को कभी हटाया नहीं, वहीं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मात्र 10 सालों में **80 करोड़ गरीबों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो निःशुल्क अनाज मुहैया करवाया है। मोदी सरकार ने 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए, 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्के मकान दिए, 10 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर प्रदान किया और 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को नल से जल का कनेक्शन प्रदान किया गया**। पिछले **10 सालों में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का काम किया है।** लालू जी और कांग्रेस पार्टी एक होकर भाजपा और श्री नीतीश कुमार जी की जेडीयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है, लेकिन **बिहार की जनता को लालू-राबड़ी के शासन का समय याद है, जब पूरे बिहार में जंगलराज का माहौल बना हुआ था और गरीब, पिछड़ा, दलित और ओबीसी सभी पर अत्याचार होते थे।** लेकिन जब बिहार में एऩडीए की सरकार आई और श्री नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री बने और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने, बिहार में हो रहे अत्याचार पर रोक लग गई।

आरजेडी सुप्रीमों लालू यादव को गरीब और पिछड़ा विरोधी बताते हुए श्री शाह ने कहा कहा कि लालू यादव आज उसी कांग्रेस पार्टी की गोद में जाकर बैठे हैं, जिसने हमेशा से पिछड़ा समाज का विरोध किया, काका साहेब कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध किया। भारतीय जनता पार्टी ने एक गरीब चाय बेचने वाले माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाकर, देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने मंत्रिमंडल में 35 प्रतिशत पिछड़े और अति पिछ़ड़े वर्ग से आने वाले सांसदों को मंत्री बनाने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश के सभी केन्द्रीय संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और 16 नई जातियों को पिछड़ा वर्ग में जोड़ने का काम किया। केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल के दाखिलों में भी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने का काम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। लालू यादव और कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है।**

भाजपा सरकार द्वारा देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाए जाने पर श्री अमित शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम किया।** जब केंद्र में दस वर्षों तक कांग्रेस की सरकार थी, तब हर रोज पाकिस्तान से आलिया, मलिया, जमालिया भारत में घुसकर आतंकी हमले करते थे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने मात्र 10 दिनों के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद का सफाया करने का साहसिक कार्य किया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है। बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हर गांव के घर घर में बिजली पहुंचाई है, लेकिन इंडी गठबंधन बिहार को फिरसे लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं और अन्य पिछड़ा वर्ग पर अत्याचार करना चाहते हैं।**

श्री अमित शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हर सप्ताह एक नई यूनिवर्सिटी खोली गई है, हर दिन दो नए कॉलेज शुरू हुए और हर दिन गरीबों को 1.5 लाख मुद्रा लोन देने काम किया। **राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकाल में बिहार के विकास के लिए मात्र 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। इसके विपरीत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में बिहार के विकास हेतु 9 लाख 23 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया है।** भाजपा सरकार द्वारा 4 लाख करोड़ रुपये सड़क और पुल के विकास हेतु, 1 लाख करोड़ रुपये रेल्वे के विकास हेतु और 2 हजार करोड़ एयरपोर्ट के उत्थान के लिए आवंटित किये गए। कटिहार में भी विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। 50 किमी लंबे नारायणपुर-पूर्णिया सड़क का निर्माण के लिए 2500 करोड़ खर्च किए गए, 2000 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन पुल का

निर्माण, नमामि गंगे योजना के तहत 12 करोड़ रुपये की लागत से कटिहार जिले में रिवर फ्रंट का निर्माण किया जा रहा है। कटिहार में रेलवे स्टेशन, ओवर ब्रिज, 2000 शहरी गरीबों को आवास, आयुष्मान भारत योजना के तहत 1 लाख 81 हजार लोगों को 5 लाख तक स्वास्थ्य बीमा, 4 लाख 50 हजार माताओं को गैस सिलिन्डर, 2 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि प्रदान की गई। कटिहार जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेकनिक कॉलेज का निर्माण किया गया और सदर जिला अस्पताल का भी पुनर्निर्माण किया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि **लालू यादव की लालटेन के साथ जाएंगे तो बिहार में दंगे और अत्याचार मिलेंगे, पंजे के साथ जाएंगे तो अन्याय, गरीबी और भुखमरी मिलेगी, एनडीए और कमल के साथ आएंगे तो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार मिलेगी। डबल इंजन की सरकार बिहार को आगे बढ़ाएगी और राज्य में खुशहाली लाएगी।** केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने उपस्थित जनता से बिहार की सभी सीटों पर भाजपा को जिताने की और 400 से अधिक सीटों को साथ आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

***********************